रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25022020-216384
CG-DL-E-25022020-216384

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 727] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2020/फाल्गुन 2, 1941
No. 727] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2020/PHALGUNA 2, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 2020

का.आ. 796(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1944(अ), तारीख 11 जून, 2019 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को 11 जून, 2019 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य भारत की एक स्वच्छतम नदी में स्थित है। इसकी सीमा मध्य प्रदेश के श्योरपुर, मुरैना और भिड जिलों के अन्तर्गत 435 किलोमीटर लम्बी और क्षेत्रफल 435 वर्ग किलोमीटर है;

और, यह घड़ियाल की अत्यधिक संकटापन्न प्रजातियों की 75 प्रतिशत प्राकृतिक रूप से रहने वाली जनसंख्या का वास है। अभयारण्य में राष्ट्रीय जलीय पशु ताजा जल गंगेटिक डॉल्फिन, ताजा जल कछुआ की नौ प्रजातियां और प्रवासी पक्षियों की 180 से अधिक प्रजातियों का वास है;

और, अभयारण्य में वनस्पति और जीवजंतुओं की विविधता है जिसमें पक्षी, तितली, सरीसृप, मछली, उभयचर आदि सम्मिलित हैं। अभयारण्य में विद्यमान वनस्पति के उदाहरणों में *अकैशिया निलोटीका, ए. लेयकोफोलोइया, ए*

कटेचु, प्रसोपिस जुल्लफ्लोरा, पी. स्पीकिगेरा, अलबिजिया लेब्बेक, गरेविया ओपटीवा, अनगेइस्सूस पेंडुला, डालबेरगिया सिस्सौ, ज़िज़िफस मॉरिटियना, जेड. डरूइटीकोसा, सालवाडोरा परसिका, कैपेरिस डेसिडुअस, सी. सेपिआरिआ, कलोटरोपिस गिगंटेअन, करीस्सा ओपका और टमारिक्स डिओका आदि शामिल हैं। अभयारण्य के जलीय पौधों में *हाइड्रिला वर्टिकिलाटा, वल्लिस्नारिया स्पिरालिस, पोटामोगेटोन, इम्पेराटा,टायफा, निटेल्ला,चारा* और *जामिंचेलिया स्पा* शामिल है;

और, अभयारण्य के जीवजंतुओं में लकड़बग्घा, सियार, काराक्काल, चीतल, चिंकारा, नीलगाय, सांभर, नेवला, मॉनिटर छिपकली आदि शामिल हैं। अभयारण्य में विद्यमान जलीय जीवजंतुओं के उदाहरणों में संकटापन्न लुप्तप्राय *गेवियलिस गैंगेटीकस, क्रोकोडयलस पलुस्ट्रीस, पलाटानिस्टा गेंगेटीका,* रेड-क्राउन्ड रूफड कछुआ *(बाटागुर कचुगा), बाटागुर धोंगोका, हाइड्रिला थुरगी, कचुगा टेंटोरिया,* नेर्रोव हेडेड, सॉफ्ट शैल कछुआ *(चितरा इंडिका),* भारतीय सॉफ्ट शैल कछुआ *(निल्स्सोनिया गेंगेटिका),* भारतीय फलाप्शैल कछुआ *(लिस्सेमस पुंकटाटा),* लिस्सेमिस एडारसेनि, मयूर सॉफ्ट शेल कछुआ *(निल्स्सोनिया हुरूम)* हैं;

और, अभयारण्य में पक्षियों की विविधता में पाए जाने वाले उदाहरण भारतीय स्किम्मर, (रैन्चोपस अल्बिकोल्लिस), ब्लैक- बेल्लीड (*टर्नस्टर्न एक्यूटिकाडा*), सारस क्रेन *(गरूस अंटीगोना),* लेसर हिसलिंग डक *(डेंड्रोक्रयगना जवानिका),* बार- हेडेड बत्तख *(अंसेर इंडिकस),* ग्रेयलंग बत्तख *(अंसेर अंसेर),* रूड्डी शेलडक *(टडोर्ना फेर्रुगिनिया),* सामान्य पोचार्ड *(अयथ्था फेरिना),* रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड *(नेट्टा रूफिना),* फेर्रूगिनोउस कबूत *(अयथया नयरोका),* उत्तरी शोवेलर *(स्पातुला* क्लीपेटा*),* गडवाल्ल *(मेरेका स्टेपेरा),यूरेशियन विजन (मेरेका पेनेलोप)* आदि है;

और, राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योग या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमे इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य से 2 किलोमीटर, तक विस्तारित क्षेत्र को राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य से **शून्य (अंतर-राज्य सीमा के कारण) से 2 किलोमीटर** तक फैला हुआ है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल **870 वर्ग किलोमीटर** है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रुप में संलग्न है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के संरक्षित क्षेत्र का मानचित्र **उपाबंध-II** में दिया गया है।

(4) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III (क) और उपाबंध-III (ख)** में दी गई है ।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हों के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो,तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी-अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों की पुनः बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों और उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी और इस में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले अनुसमर्थित मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना, प्रादेशिक विकास योजना की सह-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए उद्यानों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं किया जाएगा:

परन्तु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भंडार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अंतर्गत ग्रहवास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी गलती को, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त गलती को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त गलती को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलापों प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे:-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो किसी होटल या ,रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

परंतु यह कि वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट की स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतो तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतो

(समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नए होटल, रिजार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातो, झरने, दर्रो, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति- क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.–** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, और पर्यावरण अधिनियम अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत सम्मिलित किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, इनमें जो भी अधिक कठोर हों, के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357 (अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ई एस एम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ii) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा

संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय- समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय-यातायात.-** वाहन-यातायात का संचलन आवास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** यानीय प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांतो में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढ़लानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र. सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी । (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006

क्र. सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
		और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	वृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
3.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: जब तक, कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
4.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिजॉर्टो का वाणिज्यिक स्थापन ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथालागू मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी: परन्तु यह और कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित

क्र. सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
		संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे। (ख) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
11.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों तथा पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाने वाले अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योगों, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होगी।
12.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी।
13.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रह।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
14.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी अवसंरचनाएं।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतो के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
18.	पर्वतीय ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
19.	रात्रि में यानीय यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा।
20.	नई खाई भूमि।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
21.	पुरानी खाई भूमि।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
22.	खनन पट्टे का स्वीकृत और नवीकरण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
23.	वायु, वाहन और ध्वनि प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
24.	विद्युत और संचार टॉवरो का परिनिर्माण और तार-बिछाने तथा अन्य	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा। भूमिगत केबल बिछाने को

क्र. सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	बढ़ावा दिया जाएगा ।
25.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के उपयोग के लिए लागू विधियों के अनुसार अनुज्ञात होंगे।
26.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
27.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
28.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं, बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा और क्रियाकलाप की सख्त मानीटरी की जाएगी।
29.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
30.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
31.	पॉलिथीन बैग का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
32.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
33.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
34.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- प्रभावी निगरानी के लिए प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा, एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i) संभागीय आयुक्त, चंबल संभाग — अध्यक्ष;

(ii) प्रमुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर — सदस्य;

(iii)	जिला कलेक्टर, मुरैना/भींड/ श्योपुर जिला	सदस्य;
(iv)	आयुक्त नगर निगम मुरैना/सी एम ओ नगर पालिका भींड/ श्योपुर	सदस्य;
(v)	जिला पंचायत मुरैना/भींड/श्योपुर जिले का मुख्य कार्यकारी अधिकारी	सदस्य;
(vi)	नगर और शहरी योजना विभाग का जिला अधिकारी	सदस्य;
(vii)	राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	सदस्य;
(viii)	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(ix)	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला पारिस्थितिकी और पर्यावरण का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(x)	राज्य लोक निर्माण विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(xi)	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(xii)	मुरैना वन संभाग का वन्यजीव वार्डन	सदस्य- सचिव।

6. निर्देश निबंधन:- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ.1533(अ) 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमो या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध V** में संलग्न प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/79/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode


उपाबंध-I

संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर	राजस्थान राज्यों (चम्बल नदी के मध्य प्रवाह) की अंत:राज्य सीमा-मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश है।
पूर्व	राजस्थान की अंत:राज्य सीमा-मध्य प्रदेश के पार्वती नदी में स्थित है जहां पार्वती नदी को पार करके चम्बल दांए मुख्य कैनल है।
दक्षिण	मध्य–प्रदेश की कृत्रिम सीमा-राजस्थान और मध्य-प्रदेश, उत्तर प्रदेश (चम्बल नदी का मध्य किनारा) की अंत:राज्य सीमा से एक किलोमीटर, पार्वती नदी और चम्बल नदी के तटों के साथ पूर्व भाग पर दक्षिण भाग (स्थायी दूरी) पर संरक्षित क्षेत्र (राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य की सीमा) से दो किलोमीटर है, जो कि हांडी, कलमुंडा, मकडावदा, बडोदिया बिंदी, पाली, ठीकरिटिया, कुंडायुथा, धर्मपुरा, सारंगपुरा, कुवहजापुर, बांसौद, विदाखेदली, वालापुरा, बजरली, ठीकरिटिया, उतनवाडा, गुढ़ा अतवाड, डाबसा, विट्ठलपुर, चक जुवाड, बनवाडा, धीरोली, भूरेडी, खैरोदा कलां, अकोरिया, हीरापुरा, उद्दोतपुरा, पराष्टा, दौलपुर, जैतपुरा, जमुरदा, पार्वती पुरा, कचिंदा, गुरैना, हीरापुरा, डुदोखर, सुखपुरा, बरहाना, मसूदपुर, रिठोना, महुआ, अर्जुनपुरा, हिम्मतपुरा, कदोरा, रत्नपुर, सूरजपुरा, चीतावली, दूल्हगन, उदन्नपुरा, पाली, अंधापुर; जजेपुरा और भानपुर से होते हुए जाती है।
पश्चिम	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों (चम्बल नदी का केंद्र प्रवाह) की अंत; राज्य सीमा से होते हुए एक किलोमीटर जाती है, संरक्षित क्षेत्र (राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य की सीमा) से दो किलोमीटर के सामांतर दूरी में होते हुए एक किलोमीटर जाती है।

उपाबंध - II

राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य, मध्य प्रदेश के मुख्य अवस्थानों के अक्षांश-देशांतर

क्र.सं.	जिला	आरंभिक / अंतिम बिंदु	ग्राम	अक्षांश	देशांतर
1.	श्योपुर	आरंभिक बिंदु	बड़ोदिया बिंदी	उ 25^{0}24’13.09”	पू 77^{0}36’40.98”
2.	श्योपुर	अंतिम बिंदु	नीतनवास	उ 26^{0}11’32.78”	पू 77^{0}06’59.45”
3.	मुरैना	आरंभिक बिंदु	बरोथा	उ 26^{0}13’06.11”	पू 77^{0}07’48.59”
4.	मुरैना	अंतिम बिंदु	चापक	उ 26^{0}44’17.35”	पू 78^{0}32’18.03”
5.	भींड	आरंभिक बिंदु	कछपुरा	उ 26^{0}45’30.93”	पू 78^{0}32’32.15”
6.	भींड	अंतिम बिंदु	बिंदवा	उ 26^{0}36’07.59”	पू 79^{0}00’14.01”

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के अक्षांश-देशांतर

क्र.सं	जिला	आरंभिक/ अंतिम बिंदु	ग्राम	अक्षांश	देशांतर
1.	श्योपुर	आरंभिक बिंदु	हन्दी	उ 25^{0}23’55.32”	पू 76^{0}37’16.22”
2.	श्योपुर	अंतिम बिंदु	पार्वतीपुरा	उ 26^{0}05’38.15”	पू 77^{0}00’04.60”

3.	मुरैना	आरंभिक बिंदु	कछीन्दा	उ 26°11'58.53"	पू 77°10'18.08"
4.	मुरैना	अंतिम बिंदु	महुआ	उ 26°48'29.15"	पू 78°22'27.91"
5.	भींड	आरंभिक बिंदु	अर्जुनपुरा	उ 26°44'19.71"	पू 78°33'07.55"
6.	भींड	अंतिम बिंदु	भोन्पुरा	उ 26°36'21.78"	पू 78°56'38.62"

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्षेत्र की सूची

जिला	क्र.सं	500 मीटर परिधि पर स्थित ग्राम का नाम	अक्षांश / देशांतर
श्योपुर	1	बड़ोदिया बिंदी	उ 25° 24' 13.09" , पू 77° 36' 40.98"
	2	राधापुरा	उ 25° 25' 15.82" , पू 76° 36' 38.74"
	3	बरखेरा	उ 25° 26' 03.19" , पू 76° 35' 31.37"
	4	अदोतपुरा	उ 25° 26' 30.84" , पू 76° 35' 13.73"
	5	बड़ोदिया	उ 25° 27' 51.61", पू 76° 33' 59.58"
	6	कालखेडली	उ 25° 28' 54.31", पू 76° 33' 59.58"
	7	बेहदाबद	उ 25° 29' 18.74", पू 76° 33' 40.74"
	8	पहाडली	उ 25° 30' 16.12", पू 76° 33' 00.71"
	9	पनवाडा	उ 25° 31' 24.09", पू 76° 32' 17.16"
	10	राजौरा	उ 25° 32' 45.88", पू 76° 31' 47.73"
	11	गुरनावादा उत्तनबाड	उ 25° 36' 16.11", पू 76° 31' 10.08"
	12	शांकली	उ 25° 36' 53.27", पू 76° 30' 57.14"
	13	पटपडा	उ 25° 37' 28.30", पू 76° 31' 03.02"
	14	आमलदा	उ 25° 38' 29.85", पू 76° 30' 44.19"
	15	निमोदापैर	उ 25° 39' 57.93", पू 76° 30' 53.60"
	16	गावडी	उ 25° 40' 45.67", पू 76° 30' 21.83"
	17	पानड़ी	उ 25° 40' 23.39", पू 76° 31' 58.34"
	18	जलालपुरा	उ 25° 41' 33.41" पू 76° 28' 57.06"
	19	अड़बाड़	उ 25° 41' 57.80", पू 76° 31' 46.58"
	20	सूडी	उ 25° 43' 15.22", पू 76° 31' 08.90"

IndiaCode

	21	चैताखेदी	उ 25⁰ 42' 47.65", पू 76⁰ 33' 00.73"
	22	माखानाखेडी	उ 25⁰ 43' 51.28", पू 76⁰ 31' 44.22"
	23	चक जुवाड़	उ 25⁰ 44' 35.82", पू 76⁰ 31' 59.52"
	24	मलारना	उ 25⁰ 45' 55.34", पू 76⁰ 31' 27.74"
	25	दाल्खा	उ 25⁰ 46' 21.84", पू 76⁰ 31' 24.21"
	26	बेहतेड	उ 25⁰ 47' 25.44", पू 76⁰ 31' 28.92"
	27	इछानाखेडी	उ 25⁰ 47' 31.79", पू 76⁰ 31' 44.22 "
	28	अडूसा	उ 25⁰ 48' 17.36", पू 76⁰ 32' 56.04"
	29	मुदालपाडा	उ 25⁰ 49' 20.87", पू 76⁰ 32' 59.49"
	30	लहचोड़ा	उ 25⁰ 50' 05.43", पू 76⁰ 34' 18.43"
	31	दांदरदा कलां	उ 25⁰ 50' 16.04", पू 76⁰ 34' 50.20"
	32	सामरसा	उ 25⁰ 50' 19.14", पू 76⁰ 37' 11.40"
	33	ऊंचाखेड़ा	उ 25⁰ 50' 46.76", पू 76⁰ 37' 09.10"
	34	बिचपुरी	उ 25⁰ 51' 09.01", पू 76⁰ 38' 19.72"
	35	आवनी	उ 25⁰ 51' 54.36", पू 76⁰ 37' 43.49"
	36	जवासा	उ 25⁰ 52' 22.02", पू 76⁰ 40' 02.07"
	37	टोंगनी	उ 25⁰ 53' 24.38", पू 76⁰ 39' 20.00"
	38	सेवापुरा	उ 25⁰ 53' 28.62", पू 76⁰ 39' 40.03"
	39	जैनी	उ 25⁰ 52' 06.13", पू 76⁰ 42' 13.91"
	40	सिरसोद	उ 25⁰ 53' 24.50", पू 76⁰ 42' 38.65"
	41	मानपुर	उ 25⁰ 51' 17.40", पू 76⁰ 42' 57.47"
	42	फतहपुर	उ 25⁰ 45' 19.21", पू 76⁰ 34' 54.84"
	43	मकरोद	उ 25⁰ 54' 10.97", पू 76⁰ 45' 46.11"
	44	बगदीया	उ 25⁰ 53' 44.62", पू 76⁰ 48' 37.66"
	45	बरादारी	उ 25⁰ 54' 59.67", पू 76⁰ 51' 05.69"
	46	बिलोनी	उ 25⁰ 57' 42.81", पू 76⁰ 49' 20.04"
	47	खीरखीरी	उ 25⁰ 58' 09.27", पू 76⁰ 49' 34.17"
	48	दंतेड़ी	उ 25⁰ 59' 37.50", पू 76⁰ 49' 47.40"
	49	सुखवास	उ 26⁰ 00' 51.03", पू 76⁰ 50' 53.33"

MyiaCode

	50	खरोदाखुर्द	उ 26⁰ 01' 18.00", पू 76⁰ 51' 39.24"
	51	मिलावाली	उ 25⁰ 00' 57.51", पू 76⁰ 52' 55.44"
	52	सुढारा	उ 25⁰ 02' 18.95", पू 76⁰ 53' 31.95"
	53	अरोदरी	उ 25⁰ 03' 00.19", पू 76⁰ 54' 17.84"
	54	नीमच	उ 26⁰ 03' 39.32", पू 76⁰ 54' 17.84"
	55	पिपरानी	उ 26⁰ 04' 22.68", पू 76⁰ 54' 35.49"
	56	रिझेंटा	उ 26⁰ 05' 22.93", पू 76⁰ 55' 28.47"
	57	बरोली	उ 26⁰ 05' 23.99", पू 76⁰ 56' 53.23"
	58	चैनपुर	उ 26⁰ 06' 21.07", पू 76⁰ 57' 55.62"
	59	जमुरदी	उ 26⁰ 06' 49.61", पू 76⁰ 58' 36.83"
	60	दुबावाली	उ 26⁰ 07' 07.57", पू 76⁰ 59' 56.87"
	61	नदीगांव	उ 26⁰ 08' 04.64", पू 77⁰ 00' 43.95"
	62	लिलोनी	उ 26⁰ 10' 00.87", पू 77⁰ 02' 42.84"
	63	जिमारछा	उ 26⁰ 10' 15.66", पू 77⁰ 04' 22.88"
	64	पांचौ	उ 26⁰ 10' 42.07", पू 77⁰ 06' 19.42"
	65	नितनवास	उ 26⁰ 11' 32.78", पू 77⁰ 06' 59.45"
मुरैना	66	बरोठा	उ 26⁰ 13' 06.11", पू 77⁰ 07' 48.59"
	67	कैमाराकलां	उ 26⁰ 11' 13.11", पू 77⁰ 12' 15.79"
	68	केमाराखुर्द	उ 26⁰ 13' 29.35", पू 77⁰ 12' 59.34"
	69	गदुला	उ 26⁰ 13' 29.88 ", पू 77⁰ 13' 25.24"
	70	बंथर	उ 26 ⁰13' 30.40", पू 77⁰ 14' 04.08"
	71	गोंदोली	उ 26⁰ 13' 04.00", पू 77⁰ 14' 57.65"
	72	अटार	उ 26⁰ 15' 31.82", पू 77⁰18 '12.45"
	73	डिगवार	उ 26⁰ 16' 13.00", पू 77⁰ 20' 22.52"
	74	खेडाडिगवार	उ 26⁰ 16' 34.10", पू 77⁰ 20' 45.47"
	75	रहू का गांव	उ 26⁰ 19' 08.18", पू 77⁰ 20' 21.35"
	76	गाजीखेड़ा	उ 26⁰ 19' 37.19", पू 77⁰ 20' 21.94"
	77	पालरी	उ 26⁰ 20' 13.59", पू 77⁰ 21' 11.96"
	78	बनवारा	उ 26⁰ 20' 58.95", पू 77⁰ 21' 19.03"
	79	नोरावली खेरोन,	उ 26⁰ 20' 22.55", पू 77⁰ 23' 48.52"

indiacode

	80	खेरोन	उ 26⁰ 20' 37.32", पू 77⁰ 24' 53.25"
	81	कलारघाटी	उ 26⁰ 22' 07.50", पू 77⁰ 27' 35.70"
	82	झुन्डपुरा	उ 26⁰ 21' 02.64", पू 77⁰ 28' 32.20"
	83	कढ़ावाना	उ 26⁰ 23' 56.12", पू 77⁰ 28' 26.90"
	84	बर्रेड,	उ 26⁰ 23' 33.45", पू 77⁰ 30' 29.91"
	85	सिंगरोली	उ 26⁰ 23' 45.05", पू 77⁰ 31' 47.60"
	86	चिन्नोनी चम्बल,	उ 26⁰ 24' 28.80", पू 77⁰ 32' 50.58"
	87	तिंदोखर	उ 26⁰ 24' 40.39", पू 77⁰ 33' 55.32"
	88	बृजगढ़ी	उ 26⁰ 25' 26.77", पू 77⁰ 33' 43.54"
	89	मिलाउअ	उ 26⁰ 25' 45.78", पू 77⁰ 36' 57.56"
	90	कोटरा	उ 26⁰ 25' 50.49", पू 77⁰ 38' 00.10"
	91	कोलहुडांडा	उ 26⁰ 27' 07.10", पू 77⁰ 38' 46.45"
	92	गुर्जा	उ 26⁰ 28' 18.10", पू 77⁰ 39' 02.45"
	93	छिनवारा	उ 26⁰ 28' 38.59", पू 77⁰ 40' 11.41"
	94	उत्तमपुरा	उ 26⁰ 27' 51.17", पू 77⁰ 41' 34.39"
	95	ताजपुर	उ 26⁰ 28' 51.23", पू 77⁰ 41' 42.34"
	96	सरसौनी	उ 26⁰ 29' 04.18", पू 77⁰ 45' 10.32"
	97	बिंदवा देवगढ़,	उ 26⁰ 29' 43.68", पू 77⁰ 46' 20.36"
	98	नन्दपुरा	उ 26⁰ 29' 19.97", पू 77⁰ 48' 21.02"
	99	गुढ़ा चम्बल,	उ 26 ⁰31' 57.97", पू 77⁰ 48' 02.18"
	100	खांडोली	उ 26⁰ 34' 06.67", पू 77⁰ 51' 07.76"
	101	कैंथरी	उ 26⁰ 36' 17.73", पू 77⁰ 53' 13.72"
	102	विंडवा चम्बल	उ 26⁰ 37' 14.92", पू 77⁰ 54' 55.61"
	103	जैतपुर चम्बल	उ 26⁰ 37' 24.56", पू 77⁰ 54' 14.92"
	104	भानपुर	उ 26⁰ 39' 02.10", पू 77⁰ 54' 57.89"
	105	पिपराई	उ 26⁰ 37' 55.96", पू 77⁰ 57' 08.62"
	106	नायकपुरा	उ 26⁰ 39' 08.56", पू 77⁰ 58' 27.49"
	107	गडोरा	उ 26⁰ 39' 32.23", पू 77⁰ 58' 48.09"

indiacode

	108	गोरखा	उ 26⁰ 40' 01.68", पू 77⁰ 59' 57.54"
	109	रिठौरा खुर्द	उ 26⁰ 40'19.04", पू 78⁰ 01' 34.65"
	110	जखोना	उ 26⁰ 39' 05.91", पू 78⁰ 04' 53.09"
	111	असाह	उ 26⁰ 40' 03.98", पू 78⁰ 07' 38.99"
	112	कुथियाना	उ 26⁰ 41' 16.55", पू 78⁰ 06' 25.42"
	113	बैलपुर	उ 26⁰ 42' 18.59", पू 78⁰ 06' 36.01"
	114	किसरोली	उ 26⁰ 44' 32.12", पू 78⁰ 07' 58.41"
	115	अरोली	उ 26⁰ 45' 41.49", पू 78⁰ 07' 40.76"
	116	गोसबसई	उ 26⁰ 45' 55.16", पू 78⁰ 08' 50.21"
	117	मलबसाई	उ 26⁰ 46' 18.29", पू 78⁰ 09' 29.06"
	118	गुंज	उ 26⁰ 45' 57.26", पू 78⁰ 10' 31.44"
	119	तिलोल	उ 26⁰ 45' 31.67", पू 78⁰ 14' 23.62"
	120	बरवाई	उ 26⁰ 46' 48.46", पू 78⁰ 13' 47.73"
	121	रतनबासई	उ 26⁰ 48' 14.93", पू 78⁰ 13' 52.71"
	122	रूअर	उ 26⁰ 47' 10.12", पू 78⁰ 17' 13.25"
	123	रिठोरा	उ 26⁰ 49' 00.13", पू 78⁰ 16' 47.66"
	124	रछेद	उ 26⁰ 48' 55.71", पू 78⁰ 17' 23.25"
	125	लुधावली	उ 26⁰ 49' 34.05", पू 78⁰ 16' 59.12"
	126	उसेघ	उ 26⁰ 50' 49.54", पू 78⁰ 21' 06.28"
	127	बिंडवा	उ 26⁰ 48' 47.70", पू 78⁰ 23' 09.88"
	128	रायपुर	उ 26⁰ 48' 10.14", पू 78⁰ 25' 11.33"
	129	कुदौना	उ 26⁰ 47' 22.33", पू 78⁰ 26' 56.68"
	130	कुरेठा	उ 26⁰ 47' 06.04", पू 78⁰ 27' 24.93"
	131	सिलावली	उ 26⁰ 46' 46.08", पू 78⁰ 29' 43.24"
	132	धोर्रा	उ 26⁰ 46' 25.58", पू 78⁰ 30' 53.83"
	133	नागरा पोरसा	उ 26⁰ 45' 55.11", पू 78⁰ 31' 46.84"
	134	भदावाली	उ 26⁰ 44' 57.29", पू 78⁰ 32' 20.38"
	135	चपक	उ 26⁰ 44' 17.35", पू 78⁰ 32' 18.03"
	136	कछपुरा	उ 26⁰ 45' 30.93", पू 78⁰ 32' 32.15"
	137	कनेरा	उ 26⁰ 44' 41.00", पू 78⁰ 34' 33.99"

indiacode

	138	खेरहर	उ 26⁰ 44' 44.15", पू 78⁰ 35' 41.08"
	139	नावली बृन्दाबन,	उ 26⁰ 44' 49.41", पू 78⁰ 37' 40.56"
	140	अटेर	उ 26⁰ 44'32.03",पू 78⁰ 38' 34.72"
	141	रेपुरा	उ 26⁰ 44' 17.57", पू 78⁰ 39' 53.59"
	142	बिंड़वा	उ 26⁰ 45' 34.83", पू 78⁰ 40' 31.25"
	143	सलिमपुर	उ 26⁰ 45' 32.73", पू 78⁰ 41' 11.27"
	144	खिपोना	उ 26⁰ 45' 30.61", पू 78⁰ 42' 00.32"
	145	ड़ांगसरकेर	उ 26⁰ 46' 23.18", पू 78⁰ 40' 57.73 "
	146	मघेरा	उ 26⁰ 47' 07.30", पू 78⁰ 41' 56.79 "
	147	जमसारा	उ 26⁰ 45' 15.63", पू 78⁰ 42' 54.17"
	148	अकोन	उ 26⁰ 46' 18.43", पू 78⁰ 44' 35.40"
	149	नखलोली	उ 26⁰ 45' 50.05", पू 78⁰ 45' 28.37"
	150	कोसड़	उ 26⁰ 45' 17.47", पू 78⁰ 46' 34.59"
	151	बिजोरा	उ 26⁰ 44' 33.87", पू 78⁰ 47' 40.45"
	152	चिलोंगा	उ 26⁰ 44' 33.62", पू 78⁰ 49' 00.20"
	153	परियापा	उ 26⁰ 44' 11.53", पू 78⁰ 49' 39.93"
	154	रामा	उ 26⁰ 43' 29.49", पू 78⁰ 51' 13.42"
	155	भगवंतपुरा	उ 26⁰ 41' 46.96", पू 78⁰ 48' 56.67"
	156	जोरी अहीर	उ 26⁰ 41' 13.84", पू 78⁰ 51' 07.33"
	157	गढा	उ 26⁰ 41' 51.69", पू 78⁰ 51' 29.70"
	158	चौसाड	उ 26⁰ 37' 59.00", पू 78⁰ 50' 37.73"
	159	बडेरी	उ 26⁰ 41' 17.51", पू 78⁰ 52' 56.21"
	160	बडपुरा	उ 26⁰ 41' 35.44", पू 78⁰ 53' 55.48"
	161	रानीपुरा	उ 26⁰ 41' 16.99", पू 78⁰ 54' 12.14"
	162	नारीपुरा	उ 26⁰ 42' 55.02", पू 78⁰ 40' 16.19"
	163	बरही	उ 26⁰ 40' 32.01", पू 78⁰ 55' 26.25"
	164	समन्ना	उ 26⁰ 39' 57.06", पू 78⁰ 56' 03.97"
	165	सपाड़	उ 26⁰ 39' 32.78", पू 78⁰ 56' 15.06"

indiacode

	166	कुआवाली	उ 26⁰ 38' 50.29", पू 78⁰ 56' 28.50"
	167	जवई	उ 26⁰ 38' 59.76", पू 78⁰ 56' 35.56"
	168	सराया	उ 26⁰ 37' 37.03", पू 78⁰ 57' 42.20"
	169	ज्ञानपुर	उ 26⁰ 39' 52.76", पू 78⁰ 59' 43.42"
	170	कुरोली	उ 26⁰ 38' 30.66", पू 78⁰ 59' 03.40"
	171	सांकरी	उ 26⁰ 37' 01.26", पू 78⁰ 59' 23.41"
	172	कांचई	उ 26⁰ 36' 51.79", पू 78⁰ 59' 39.88"
	173	बिंड़वा	उ 26⁰ 36' 07.59", पू 79⁰ 00' 14.01"

जिला	**क्र.सं.**	**2 किलोमीटर परिधि पर स्थित ग्राम के नाम**	**अक्षांश /देशांतर**
श्योपुर	1	हांडी	उ 25⁰ 23' 55.32", पू 76⁰ 37' 16.22"
	2	कल्मुन्दा	उ 25⁰ 24' 21.06", पू 76⁰ 37' 57.61"
	3	मकदाबाडा	उ 25⁰ 23' 48.11", पू 76⁰ 37' 58.20"
	4	बड़ोदिया गिंसी	उ 25⁰ 25' 54.10", पू 76⁰ 36' 20.50"
	5	पाली	उ 25⁰ 25' 44.00", पू 76⁰ 37' 46.42"
	6	ठीकरीया	उ 25⁰ 26' 13.23", पू 76⁰ 38' 05.85"
	7	कुंड़ायथा	उ 25⁰ 26' 43.04", पू 76⁰ 38' 38.33"
	8	धरमपुरा	उ 25⁰ 27' 41.49", पू 76⁰ 36' 27.68"
	9	सांरगपुरा	उ 25⁰ 26' 35.00", पू 76⁰ 35' 30.00"
	10	कुव्हाजापुर	उ 25⁰ 26' 45.00", पू 76⁰ 34' 20.00"
	11	बासौद	उ 25⁰ 29' 53.22", पू 76⁰ 35' 52.25"
	12	बीदा खेदली	उ 25⁰ 27' 20.00", पू 76⁰ 34' 25.00"
	13	बालापुरा	उ 25⁰ 31' 14.27", पू 76⁰ 34' 24.19"
	14	वाजरली	उ 25⁰ 31' 35.09", पू 76⁰ 33' 26.97"
	15	ठीकरिया	उ 25⁰ 32' 37.00", पू 76⁰ 33' 45.00"
	16	उतनवाद	उ 25⁰ 33' 36.27", पू 76⁰ 34' 06.31"
	17	गुढां अडवाड़	उ 25⁰ 39' 27.00", पू 76⁰ 31' 44.98"
	18	दाबरसा	उ 25⁰ 41' 30.00", पू 76⁰ 30' 40.00"

InfiniCode

	19	बिट्ठलपुर	उ 25⁰ 42' 15.22", पू 76⁰ 33' 29.23"
	20	चक जुवाड	उ 25⁰ 44' 54.81", पू 76⁰ 32' 34.95"
	21	बनवाडा	उ 25⁰ 39' 57.45", पू 76⁰ 36 '47.33"
	22	घीरोली	उ 25⁰ 52' 28.17", पू 76⁰ 46' 26.57"
	23	खोजीपुरा	उ 25⁰ 56' 52.36", पू 76⁰ 50' 46.14"
	24	भूरेडी	उ 25⁰ 59' 30.00", पू 76⁰ 50' 30.00"
	25	खैरोद कलां	उ 26⁰ 00' 48.00", पू 76⁰ 52' 00.00"
	26	अकोरीया	उ 26⁰ 00' 34.62", पू 76⁰ 53' 11.43"
	27	हीरापुरा	उ 26⁰ 03' 38.87", पू 76⁰ 56' 18.16"
	28	उद्दोतपुरा	उ 26⁰ 04' 09.24", पू 76⁰ 58' 01.87"
	29	पराष्ट	उ 26⁰ 05' 13.80", पू 76⁰ 58' 22.61"
	30	दौलपुरा	उ 26⁰ 04' 55.86", पू 76⁰ 59' 03.37"
	31	जैतपुरा	उ 26⁰ 05' 33.91", पू 76⁰ 59' 33.99"
	32	जमूर्दा	उ 26⁰ 05' 57.17", पू 76⁰ 58' 56.32"
	33	पारवती पुरा	उ 26⁰ 05' 38.15",पू 77⁰ 00' 04.60 "
मुरैना	34	काछ्रींदा	उ 26⁰ 11' 58.53", पू 77⁰ 10' 18.08"
	35	गुरैना	उ 26⁰ 20' 18.87", पू 77⁰ 27' 20.76"
	36	हीरापुर	उ 26⁰ 19' 46.16", पू 77⁰ 28' 46.70"
	37	डीडोखार	उ 26⁰ 27' 24.83", पू 77⁰ 40' 09.43"
	38	सुखपुरा	उ 26⁰ 27' 58.67", पू 77⁰ 43' 50.42"
	39	बरहाना	उ 26⁰ 30' 33.71", पू 77⁰ 48' 33.97"
	40	मसूदपुर	उ 26⁰ 37' 30.55", पू 77⁰ 56' 11.46"
	41	रिठौना	उ 26⁰ 44' 43.17", पू 78⁰ 12' 49.95"
	42	महुअ	उ 26⁰ 48' 29.15", पू 78⁰ 22' 27.91"
भींड	43	अर्जुनपुरा	उ 26⁰ 44' 19.71", पू 78⁰ 33' 07.55"
	44	हिम्मतपुरा	उ 26⁰ 46' 14.63", पू 78⁰ 18' 38.78"
	45	कदोरा	उ 26⁰ 43' 31.72", पू 78⁰ 39' 14.61"
	46	रतनपुरा	उ 26⁰ 44' 15.46", पू 78⁰ 43' 02.44"
	47	सुरज पुरा	उ 26⁰ 44' 59.61", पू 78⁰ 45' 04.85"

IndiaCode

	48	चितावाली	उ 26⁰ 43' 06.07", पू 78⁰ 45' 00.15"
	49	दुल्हागांव	उ 26⁰ 40' 53.62", पू 78⁰ 47' 10.56"
	50	उदांपुरा	उ 26⁰ 40' 24.12", पू 78⁰ 51' 00.34"
	51	पाली	उ 26⁰ 39' 42.24", पू 78⁰ 53' 32.64"
	52	अंधापुरा	उ 26⁰ 39' 11.74", पू 78⁰ 52' 09.04"
	53	जाजेपुरा	उ 26⁰ 39' 00.16", पू 78⁰ 55' 00.93"
	54	भोनपुरा	उ 26⁰ 36' 21.78", पू 78⁰ 56' 38.62"

उपाबंध-V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की मानीटरी समिति: -की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र.-

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत: (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें) ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार)। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th February, 2020

S.O.796(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1944(E), dated the 11th June, 2019, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 11th June, 2019;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the National Chambal Sanctuary is located in one of the cleanest rivers of India. It lies across Sheopur, Morena and Bhind districts of Madhya Pradesh with a length of 435 kilometers and area of 435 square kilometres;

AND WHEREAS, it is home of naturally living population of 75 percent of the critically endangered species of Gharial. The sanctuary also harbours national aquatic animal –the fresh water gangetic dolphins, nine species of fresh water turtles and more the 180 species of migratory birds;

AND WHEREAS, the sanctuary has diversity of flora and fauna including birds, butterflies, reptiles, fishes, amphibians etc. Examples of flora present in the sanctuary include *Acacia nilotica, A. leucopholoea, A catechu, Prosopis jullflora, P. spicigera, Albizia lebbek, Grewia optiva, Angeissus pendula, Dalbergia sissoo, Zizyphus mauritiana, Z. druiticosa, Salvadora persica, Capparis deciduas, C. sepiaria, Calotropis giggntean, Carissa opaca and Tamarix dioca* etc. The aquatic plants of the sanctuary include *Hydrilla verticillata, Vallisnaria spiralis, Potamogeton, Imperata, Typha, Nitella, Chara and zaminchelia spp;*

AND WHEREAS, the fauna of the sanctuary include Hyena, Jackal, Karakkal, Cheetal, Chinkara, Neelgai, Sambhar, Mangoose, Monitor lizard etc. The examples of aquatic fauna present in the sanctuary are critically endangered *Gavialis gangeticus, Crocodylus palustris, Platanista gangetica,* red-crowned roofed turtle (*Batagur Kachuga*), *Batagur Dhongoka*, *Hydrilla thurgi*, *Kachuga tentoria,* Narrow haded soft shell turtle *(Chitra Indica),* Indian soft shell turtle *(Nilssonia gangetica),* Indian flapshell turtle *(Lissemys punctata), Lissemys adorseni*, Peacock soft shell turtle *(Nilssonia hurum)*;

AND WHEREAS, a variety of birds have found in the sanctuary for example Indian skimmer (*Rynchops albicollis*), Black-bellied (*ternsterna acuticauda*), Sarus crane *(Grus antigona),* Lesser Whistling Duck *(Dendrocygna javanica),* Bar-headed Goose *(Anser indicus),* Greylag Goose *(Anser anser),* Ruddy Shelduck *(Tadorna ferruginea),* Common Pochard *(Aythya ferina),* Red-crested Pochard *(Netta rufina),* Ferruginous Duck *(Aythya nyroca),* Northern Shoveler *(Spatula clypeata),* Gadwall *(Mareca strepera),* Eurasian Wigeon *(Mareca Penelope)* etc;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of National Chambal Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

